आकाशवाणी केन्द्र शिमला
21.07.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

मुख्य समाचार

- संसद का बजट सत्र कल से होगा शुरू– मंगलवार को पेश होगा केंद्रीय बजट।
- हिमगंगा योजना के तहत कांगड़ा जिले के ढगवार में विश्वस्तरीय दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करेगी सरकार।
- विधानसभा उप–चुनाव में नवनिर्वाचित तीन विधायक कल शिमला में लेंगे पद व गोपनीयता की शपथ।
- कारगिल विजय के उपलक्ष्य में 25 व 26 जुलाई को शहीदों के सम्मान में कई कार्यक्रम आयोजित करेगी भाजपा।

बजट सत्र

संसद का बजट सत्र कल से शुरू होने जा रहा है। ये सत्र 12 अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान केंद्रीय बजट मंगलवार 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। इस बीच बजट सत्र से पहले आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। इस दौरान केन्द्र सरकार ने संसद के दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर खुले दिल से चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि संसद को सुचारू रूप से चलाना सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। ये नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है।

पर्यावरण संरक्षण

राज्य सरकार ने शिमला नियोजन क्षेत्र के तहत शिमला शहर व साथ लगते उपनगरों के लिए शिमला विकास योजना में संशोधन किया है। सरकार की इस पहल से भूमि कटाव को कम करने और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि शिमला विकास योजना 2041 के अंतर्गत हरित क्षेत्र में आवासीय निर्माण को नियोजित किया जाएगा। इसके तहत वृक्ष रहित भू–खंडों पर ही निर्माण कार्यों की अनुमति प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इस पहल का लक्ष्य शिमला के नैसर्गिक सौंदर्य को संरक्षित और आने वाली पीढ़ी के लिए हरा–भरा भविष्य सुरक्षित रखना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि शिमला के हरित क्षेत्र में वृद्धि कर सरकार पर्यावरण संरक्षण और यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ाने की दिशा में भी कार्य कर रही है।

संयंत्र

राज्य सरकार हिम गंगा योजना के तहत कांगड़ा जिला के ढगवार में विश्वस्तरीय दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने जा रही है। करीब 2 सौ 50 करोड़ रुपये की लागत वाले इस संयंत्र से प्रतिदिन तीन लाख लीटर दुग्ध उत्पादन की योजना है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अनुसार इस संयंत्र में अत्याधुनिक तकनीक से दूध का पाउडर बनाया जाएगा, जिससे मांग से अधिक दूध को लम्बे समय तक संरक्षित किया जा सकेगा। इसके अलावा दही, खोया, घी, आईसक्रीम, फलेवर्ड मिल्क और पनीर सहित अन्य उत्पाद भी तैयार किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में दुग्ध उत्पादन से जुड़ी गतिविधियों की अहम भूमिका है, ऐसे में सरकार ग्रामीण आर्थिकी से जुड़े हितधारकों को सशक्त करने को विशेष अधिमान दे रही है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया है। नई दिल्ली में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संविधान के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अनुराग सिंह ठाकुर ने ये भी कहा कि देश पर आपातकाल का काला अध्याय कांग्रेस द्वारा ही थोपा गया था और इसके लिए कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी संविधान की कॉपी तो लहराते है लेकिन ये भूल जाते है कि ये वही संविधान है जिसे उनके परिवार ने अपने निजी लाभ के लिए कई बार तार–तार किया है।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार द्वारा मार्केटिंग बोर्ड के डिजिटाइजेशन टेंडर निरस्त करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि टेंडर निरस्त होने से स्पष्ट है कि घोटाला हुआ था लेकिन विपक्ष द्वारा आवाज उठाने पर सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि वित्तीय अनियमितता और नियमों की अनदेखी कर अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए किए गए टेंडर निरस्त तो होने थे लेकिन इस आड़ में सरकार घोटाले में शामिल लोगों को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि इस टेंडर गड़बड़ी करने वालों पर अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई और इस पूरे प्रकरण में शामिल लोगों को किस का संरक्षण मिल रहा है। जयराम ठाकुर ने सलाह दी कि भ्रष्टाचार के मामले में सरकार को जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने सहित घोटाले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। जयराम ठाकुर ने सरकार पर स्कूली बच्चों को दिए जाने वाली पानी की बोतल में घोटाला करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अपने चहेतों को 90 करोड़ रुपए का टेंडर देने के लिए नियमों में भरपूर बदलाव किए गए हैं।

## शपथ

प्रदेश में हाल ही में सम्पन्न तीन विधानसभा उपचुनाव में नव निर्वाचित विधायकों को कल शपथ दिलाई जाएगी। शपथ समारोह राजधानी शिमला स्थित विधानसभा परिसर में होगा, जहां विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया विधायकों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। हाल ही में सम्पन्न उपचुनाव में देहरा से कमलेश ठाकुर, हमीरपुर से आशीष शर्मा जबकि नालागढ़ से हरदीप सिंह बावा विधानसभा चुनाव जीते हैं।

## कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि चुनौतियों के बावजूद राज्य सरकार ने सभी वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया है। कांगड़ा जिला के नगरोटा सूरियां और कोटला में जनसुनवाई के बाद उन्होंने कहा कि सरकार ने विभिन्न वर्गों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई है जिनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। चंद्र कुमार ने कहा कि राजनीतिक संकट के बाद प्रदेश सरकार मजबूत स्थिति में है और विकास कार्यों को युद्धस्तर पर अमलीजामा पहनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार नगरोटा सूरियां क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि मंत्री ने जनसमस्याएं सुनकर अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर इनका निपटारा करने के निर्देश भी दिए।

## सेब सीजन

प्रदेश में सेब सीजन ने रफ्तार पकड़ ली है। शिमला की ढली फल मंडी में जिले के उपरी इलाकों के अलावा मंडी जिले के करसोग क्षेत्र से टाइडमैन, स्पर, गाला, जेड–वन और रॉयल सहित अरली वेराइटी का सेब पहंच रहा है। फल मंडी में सेब के अच्छे दाम मिलने से बागवानों के चेहरों पर रौनक देखने को मिल रही है। टाईडमैन किस्म के सेब एक हजार रुपए से डेढ़ हजार रुपए, रॉयल किस्म का सेब डेढ़ हजार रुपए से अढ़ाई हजार रुपए जबकि अरली किस्म के सेब का बॉक्स तीन हजार रुपए तक बिक रहा है। फल मंडी के आढ़ती ज्ञान चंद के अनुसार बागवानों को सेब की गुणवत्ता के अनुसार दाम मिल रहे हैं।

## बयान

कृषि मंत्री चंद्र कुमार और उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने ऊना में हुई भाजपा की वर्किंग कमेटी की बैठक को महज गुणगान करार दिया है। एक संयुक्त बयान में इन नेताओं ने कहा कि विपक्ष शायद ये भूल गया है कि लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद भाजपा की लोकप्रियता में गिरावट आई है और केंद्र में सरकार बनाने के लिए भाजपा को क्षेत्रीय दलों का सहारा लेना पड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कर्मचारी हितैषी होने के दावे कर रही है जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा ने कर्मचारियों को वित्तीय लाभ न देकर उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने के अधिकार से वंचित किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जनता को गुमराह करने के लिए पूर्व भाजपा सरकार ने अंतिम 6 माह के कार्यकाल में कई अनावश्यक संस्थान खोले हैं।

## विजय दिवस

कारगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ भाजपा इस वर्ष दो चरणों में 25 और 26 जुलाई को मनाएगी। राज्यसभा सांसद व कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रम प्रभारी सिंकदर कुमार ने बताया कि पहले चरण में 25 जुलाई को विजय दिवस की पूर्व संध्या पर प्रत्येक मंडल में मशाल रैलियां निकाली जाएगी। इन रैलियों के दौरान कारगिल शहीदों की याद में कई गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसी तरह दूसरे चरण में 26 जुलाई को वीरों की शौर्य गाथा पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 26 जुलाई की शाम को विजयदीप पर सार्वजनिक कार्यक्रम होंगे और शहीद सैनिकों व सैनिक परिवारों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

## दुर्घटना

कुल्लू जिले में लगघाटी के भुट्टी में बीती रात एक जीप के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई जबकि तीन अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान लगघाटी निवासी भूपेंद्र के रूप में हुई है। सभी घायल व्यक्तियों का कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## अमरनाथ यात्रा

जम्मू—कश्मीर में अमरनाथ यात्रा में अब तक तीन लाख 86 हजार से अधिक श्रद्धालु पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं। यह यात्रा बीते 29 जून से शुरू हुई थी। इस वर्ष यह यात्रा 52 दिन चलेगी और 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षा बंधन के दिन संपन्न होगी।